DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

कमांकः–प.2(357)डीओसी/संस्था/95/I/671/2013 जयपुर, दिनांक 9-5-13

**कार्यालय–आदेश**

इस विभाग द्वारा यह अनुभव किया गया है कि राजस्थान कम्प्यूटर एवं अधीनस्थ सेवा के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा समय–समय पर विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे मान्यता प्राप्त शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने अथवा परीक्षाओं में बैठने की अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया जाता रहा है।

समय–समय पर जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रों में यह शर्त स्पष्ट रुप से अंकित की जाती रही है कि **परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त आपको अध्ययन हेतु कार्यालय समय में किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा एवं निर्धारित अध्ययन हेतु कार्यालय समय में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी जिससे राज्य कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न हो।** इसके उपरान्त भी यह पाया गया है कि कई अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा नियमित कक्षाओं में उपस्थिति दी गई है एवं परीक्षाओं की तैयारी के लिये विभाग को अन्य कारण बताकर अवकाश का उपभोग भी किया गया है।

अतः समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि चूंकि राजकीय सेवा में रहते हुए नियमित छात्र के रुप में किसी भी कोर्स में अध्ययनरत रहना किसी नियम में संभव नही है अतः यदि किसी कर्मचारी/अधिकारी ने नियमित अध्ययन, जिसमें कक्षाओं का समय कार्यालय समय के समान हो, के कम में विभागीय स्वीकृति प्राप्त करली है, अथवा परीक्षाओं की तैयारी के लिये अवकाश लिया है तो **उनकी परीक्षा की स्वीकृति एवं अवकाश स्वीकृति आदेश तुरन्त प्रभाव से समाप्त किये जाते है।**

साथ ही निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में आवेदन निर्धारित प्रपत्र में अध्ययन का प्रकार (नियमित, स्वयंपाठी, दूरस्थ शिक्षा अथवा पत्राचार) अवश्य अंकित करते हुए करें।

**उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

**राज्यपाल महोदया की आज्ञा से,**

Sd/-
(संजय ज. कर्णिक)
कार्यालयाध्यक्ष

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रस्तुत है।

1 समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष।
2 समस्त अधिकारी/कर्मचारी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राज. जयपुर।
3 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट)।
4 रक्षित पत्रावली।

(संजय ज. कर्णिक)
(कार्यालयाध्यक्ष

## अग्रिम अध्ययन की स्वीकृति हेतु आवेदन

1. आवेदक का नाम
2. पिता का नाम
3. पद
4. जन्म दिनांक
5. राजकीय सेवा मे प्रथम नियुक्ति दिनांक
6. नियुक्ति के समय शैक्षणिक योग्यता
7. वर्तमान पदस्थापन विभाग, स्थान एवं दिनांक
8. नाम परीक्षा/कोर्स/सेमेस्टर जिसके लिए अनुमति चाही जा रही है
9. पूर्व में यदि कोई अनुमति ली गई हो तो आदेश संख्या मय दिनांक तथा उस कम मे प्रविष्ट परीक्षा की अंक तालिका
10. शिक्षण संस्था का नाम
11. शिक्षण संस्था की वेबसाईट का पता
12. Enrollment नम्बर
13. परीक्षा का संभावित माह (यदि सम्भव हो तो परीक्षा समय सारणी )
14. अध्ययन का प्रकार (स्वयंपाठी/पत्राचार)
15. अन्य विवरण यदि कोई हो तो